प्रधान मंत्री
आवास योजना-शहरी
Pradhan Mantri Awas Yojana-Urban

# PMAY (U) के तहत बारामुड़ी बाबूडीह में बनेगा किफायती आवास

सिर्फ **पांच हजार रुपये** में करा सकेंगे निबंधन



## किफायती आवास के लिए पांच हजार में होगा निबंधन

**जागरण संवाददाता, धनबाद:** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत भूमिविहीनों को किफायती आवास मिलना है। बारामुड़ी बाबूडीह में दो एकड़ जमीन में किफायती आवास बनेगा। यहां लाभुकों को वन बीएचके फ्लैट मिलेगा। बारामुड़ी किफायती आवास परियोजना के लिए पंजीकरण शुरू हो गया है। नगर निगम कार्यालय में आवेदन किया जा सकेगा। इसके अलावा टोल फ्री नंबर 18001202929 पर भी रजिस्ट्रेशन की सुविधा मिलेगी। इसके लिए पांच हजार रुपये का रजिस्ट्रेशन शुल्क देना होगा।

नगर निगम के अनुसार, प्रत्येक लाभुक को तीन लाख 64 हजार रुपये में फ्लैट मिलेगा। कुल साढ़े छह लाख रुपये फ्लैट की कीमत है, इसमें ढाई लाख रुपये सब्सिडी मिलेगी। इस योजना का लाभ सभी वर्ग को मिलेगा।

पीएम आवास योजना के तहत ऐसे लोगों के लिए किफायती आवास यानी फ्लैट बनाए जा रहे हैं, जिनके पास अपनी जमीन नहीं है। जमीन सरकार की होगी और यहां किफायती आवास नगर निगम बनाएगा। निर्धारित मानकों पर फ्लैट का आवंटन होने के बाद लाभुकों के आवास की रजिस्ट्री मात्र एक रुपये में की जाएगी। स्टांप ड्यूटी भी इसी एक रुपये में शामिल है।

### रजिस्ट्रेशन शुरू

- बाबूडीह में दो एकड़ जमीन में बनेंगे वन बीएचके फ्लैट
- किफायती आवास परियोजना के लिए पंजीकरण हुआ शुरू

### इन्हें मिलेगा घर का लाभ

- ऐसे परिवार जो 17 जून 2015 के पहले निगम क्षेत्र में निवास कर रहे हों।
- परिवार की वार्षिक आय अधिकतम तीन लाख रुपये हो।
- आवेदक या उनके परिवार के नाम से भारत में कहीं भी पक्का मकान न हो।

### ऐसा होगा आवास

- जी प्लस थ्री अपार्टमेंट, वन बीएचके फ्लैट। एक लिविंग रूम, बेडरूम, रसोईघर, शौचालय, बाथरूम एवं बालकनी।
- 300 से 320 वर्गफीट के क्षेत्रफल।
- साढ़े छह लाख एक फ्लैट की लागत।
- 4.64 लाख देना होगा, शेष 2.5 लाख पीएम आवास के तहत मिलेगा।
- रजिस्ट्रेशन होने के बाद बुकिंग के समय 25000 देना होगा।
- 18 माह में चार किश्तों में पूरी राशि का करना होगा भुगतान।

**नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार**

Toll free no.: 1800-120-2929 | Website : www.dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA